# ईएसआइसी स्थापना दिवस पर सेवा पखवाड़ा 10 तक

जालंधर : कर्मचारी राज्य बीमा निगम 24 फरवरी को अपना 74वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस संबंध में विशेष सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी उप-क्षेत्रीय कार्यालय में संयुक्त निदेशक सुनील कुमार यादव ने दी। संयुक्त निदेशक यादव ने बताया कि 24 फरवरी से 10 मार्च तक विशेष सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस अवधि के दौरान उप-क्षेत्रीय कार्यालय एवं सभी शाखा कार्यालयों की ओर से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए जाएंगे। इस दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर, स्वच्छता अभियान, सुविधा समागम, सेमिनार, सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरुकता शिविर, बुनियादी जीवन समर्थन शिक्षा शिविर, सभी उपकरणों को क्रियाशील बनाने के लिए विशेष अभियान, बीमित व्यक्तियों, श्रमिकों और चैनल भागीदारों के लंबित बिलों दावों का निपटान किया जाएगा (जासं)